संपादकीय

राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, रूड़की द्वारा ''जल संसाधन एवं पर्यावरण'' विषय पर आयोजित 6वीं राष्ट्रीय जल संगोष्ठी में प्रस्तुतिकरण हेतु चुने गए शोध पत्रों का संकलन एक प्रोसीडिंग के रूप में सुधी पाठकों एवं उपयोगकर्ता संगठनों को सोंपते हुए हमें अत्यन्त हर्ष हो रहा है। दिनांक 16–17 दिसंबर, 2019 को आयोजित इस संगोष्ठी में शामिल देशभर के वैज्ञानिकों, अभियंताओं, शिक्षाविदों तथा शोधकर्ताओं ने जल से जुड़े अपने रोचक, महत्वपूर्ण एवं उपयोगी शोध पत्र देकर इस संगोष्ठी के आयोजन को सफल एवं सार्थक बनाने में सराहनीय योगदान दिया है। हम इन समस्त प्रबुद्ध लेखकों का ह्रदय से आभार प्रकट करते हैं जिनके सहयोग से ही इस संगोष्ठी का सफलतापूर्ण आयोजन किया जा सका।

इस संगोष्ठी में देश के भिन्न–भिन्न भागों से प्रतिनिधि प्रतिभाग कर रहे हैं, संगोष्ठी में सम्मिलित शोध पत्रों को एक प्रोसीडिंग्स के रूप में संकलित किया जा रहा है जिसमें 69 शोध पत्रों को स्थान दिया गया है।

हम आशा करते हैं कि राष्ट्रीय जल संगोष्ठी की यह प्रोसीडिंग्स जल एवं जल संसाधन के क्षेत्र में कार्यरत वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं तथा अन्य संबंधित व्यक्तियों के लिए महत्वपूर्ण एवं उपयोगी सिद्ध होगी।

(संपादक मंडल)